| |
|---|
| दिनांक 07.07.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 08/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## <u>जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद**

दिनांक 06/07.07.2024 की रात्रि थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धमेड़ा बस अड्डे के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त बादल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर) बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर व महाराष्ट्र प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—बादल निवासी मो0राम बड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

**जनपद खीरी/थाना सम्पूर्णानगर**

- **घटना का अनावरण**
- **07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये 02 लाख रूपये, 48 हजार विदेशी मुद्रा**
- **लगभग 02 लाख 75 हजार रूपये कीमत के लूटे गये सोने–चाँदी के आभूषण**
- **घटना में प्रयुक्त कार आदि बरामद**

दिनांक 07.07.2024 को थाना सम्पूर्णानगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 07 अभियुक्तों 1–जसविन्दर 2–बलजिन्दर 3–राजसिंह उर्फ राजू 4–लखविन्दर 5–शहजाद अली उर्फ बब्लू 6–करनवीर 7–रामसिंह को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 02 लाख रूपये, 48 हजार विदेशी मुद्रा, लगभग 02 लाख 75 हजार रूपये कीमत के लूटे गये सोने–चाँदी के आभूषण, घटना में प्रयुक्त कार आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 29/30.06.2024 को थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या सहित डकैती की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सम्पूर्णानगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण डकैती की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद अली उर्फ बब्लू के विरूद्ध जनपद बागपत, बरेली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जसविन्दर निवासी बम्भनपुर थाना हजारा जनपद पीलीभीत।

2—बलजिन्दर निवासी बाजारघाट थाना हजारा जनपद पीलीभीत।

3—राजसिंह उर्फ राजू निवासी टाटरगंज थाना हजारा जनपद पीलीभीत।

4—लखविन्दर निवासी टाटरगंज सिघाड़ा थाना हजारा जनपद पीलीभीत।

5—शहजाद अली उर्फ बब्लू निवासी राधना थाना किठौर जनपद मेरठ।

6—करनवीर निवासी हसनपुर थाना कोतवाली जनपद बुलन्दशहर, स्थाई पता रामापुरी गोल्ड सिटी थाना विजय नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

7—रामसिंह निवासी भोवापुर कौशाम्बी थाना साहिबाबाद कमिश्नरेट गाजियाबाद, स्थाई पता महेन्द्रनगर कचंनपुर नेपाल।

**बरामदगी**

1—लूटे गये 02 लाख रूपये, 48 हजार विदेशी मुद्रा।

2—लगभग 02 लाख 75 हजार रूपये कीमत के लूटे गये सोने—चाँदी के आभूषण।

3—घटना में प्रयुक्त कार आदि।

**जनपद मऊ/थाना मधुबन**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 40 हजार रूपये नगद**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन आदि**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 07.07.2024 को थाना मधुबन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भैरोपुर मन्दिर के पास से अभियुक्त 1—रिषभ 2—विपुल को गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु घेराबन्दी की गयी तो बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग

कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 3–बृजेश कुमार उर्फ प्रिंस घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 40 हजार रूपये नगद, लूट का 01 मोबाइल फोन आदि, 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04.07.2024 को थाना मधुबन क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मधुबन पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त बृजेश कुमार उर्फ प्रिंस शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मधुबन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–रिषभ निवासी फतेहपुर तालचवर थाना मधुबन जनपद मऊ।

2–विपुल निवासी रामपुर बेलौली थाना रापुर जनपद मऊ।

3–बृजेश कुमार उर्फ प्रिंस निवासी मानिकपुर असना थाना घोसी जनपद मऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के 40 हजार रूपये नगद।

2–लूट का 01 मोबाइल फोन आदि।

3–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना महाराजपुर

- **घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटी गयी 40 कुन्तल सरिया**
- **लूटे गये माल बिक्री के 32 हजार रूपये नगद**
- **01 डीसीएम वाहन आदि बरामद**

दिनांक 06.07.2024 को थाना महाराजपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर छप्पन भोग चौराहा के पास से अभियुक्त महताब हुसैन उर्फ राजू को गिरफ्तार कर घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशादेही पर अभियुक्त 2–विजय प्रकाश 3–कुलदीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटी गयी 40 कुन्तल सरिया, लूटे गये माल बिक्री के 32 हजार रूपये नगद, 01 डीसीएम वाहन आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 29.06.2024 की रात्रि थाना महाराजपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना महाराजपुर पर धारा 395/323/342 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध कमिश्नरेट कानपुर नगर व जनपद फतेहपुर के विभिन्न थानो में डकैती, चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–महताब हुसैन उर्फ राजू निवासी युसुफपुर कटरा थाना युसुफपुर जनपद गाजीपुर, हालपता चिश्ती नगर सनिगंवा थाना चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

2–विजय प्रकाश निवासी खदरी थाना रानीगंज कैथोला जनपद प्रतापगढ़, हालपता लक्ष्मीपुरवा थाना रायपुरवा कमिश्नरेट कानपुर नगर।

3–कुलदीप निवासी सकरापुर थाना बिधनू कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1–लूटी गयी 40 कुन्तल सरिया।

2–लूटे गये माल बिक्री के 32 हजार रूपये नगद।

3–01 डीसीएम वाहन आदि।

**जनपद हापुड़/थाना हापुड़ देहात**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 55 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 06.07.2024 को थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर देवन्दनी पुल रेलवे लाइन के पास से अभियुक्त नवीन को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 55 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना हापुड़ देहात क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नवीन निवासी मो0शिवनगर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 55 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद बदायूँ/थाना मुजरिया

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **44 हजार रूपये नगद**
- **01 डिजायर वाहन आदि बरामद**

दिनांक 07.07.2024 को थाना मुजरिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगंला भिण्ड तिराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1–गौरव उर्फ उत्तम 2–आशू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 44 हजार रूपये नगद, 01 डिजायर वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.06.2024 को थाना मुजरिया क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मुजरिया पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिसमें अभियुक्त गौरव उर्फ उत्तम के विरूद्ध जनपद अलीगढ़, बदायूँ, इटावा, बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मुजरिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–गौरव उर्फ उत्तम निवासी ग्राम भगवान गढ़ी थाना क्वारसी जनपद अलीगढ़।

2–आशू निवासी फायर ब्रिगेड कॉलोनी थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ़।

### बरामदगी

1–44 हजार रूपये नगद।

2–01 डिजायर वाहन आदि।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना मोहाना

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 12 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल, 01 लैपटॉप बरामद**

दिनांक 07.07.2024 को थाना मोहाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सड्डा जंगल से 02 अभियुक्तों 1–असरफ उर्फ सलमान 2–नागेश्वर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 12 हजार रूपये नगद, चोरी की 05 मोटर साइकिल, 01 लैपटॉप बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मोहाना पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मोहाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की ज रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–असरफ उर्फ सलमान निवासी पडरिया खुनगाई चौराहा थाना परसा लुम्बिनी जनपद रूपनदेही नेपाल।

2–नागेश्वर निवासी कारीजमा थाना परसा लुम्बिनी जनपद रूपनदेही नेपाल।

**बरामदगी**

1–चोरी के 12 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की 05 मोटर साइकिल, 01 लैपटॉप।

## जनपद मीरजापुर/थाना अदलहाट

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 52 किलो 900 ग्राम अवैध गांजा**
- **तस्करी में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट डिजायर कार बरामद**

दिनांक 06.07.2024 को थाना अदलहाट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रसुलागंज चौराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1–मो0शादाब 2–अली इमाम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 52 किलो 900 ग्राम अवैध गांजा, तस्करी में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0शादाब निवासी टेकउर थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

2–अली इमाम निवासी टेकउर थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 15 लाख रूपये कीमत के 52 किलो 900 ग्राम अवैध गांजा।

2–तस्करी में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट डिजायर कार।

——————